# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कोरबा (छ०ग०)

क्रमांक / 706 / व.लि. / 2025 कोरबा, दिनांक : 15/07/2025

प्रति,

श्री जय सिंह अग्रवाल,
पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन,
शांति निवास, अग्रसेन भवन के पास कोरबा,
जिला–कोरबा (छत्तीसगढ़)

**विषयः–** **दुर्भावनापूर्ण तरीके से फोटोग्राफ्स को प्रचारित–प्रसारित करने के संबंध में।**

–00–

उपरोक्त विषय के संदर्भ में लेख है कि, आपके द्वारा दिनांक 14.07.2025 को आपके फेसबुक प्रोफाइल पर एक छवि पोस्ट की गई है। उक्त पोस्ट के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि, उक्त कक्ष में श्री ननकी राम कंवर, पूर्व मंत्री छ.ग. शासन के बैठक हेतु पूर्व निर्धारित व्यवस्था थी। श्री ननकी राम कंवर जी के कक्ष में प्रवेश करते ही मेरे द्वारा उनका अभिवादन किया गया, जिसकी पुष्टि की जा सकती है। उसके पश्चात् वे अपने हेतु निर्धारित स्थान पर बैठे। उक्त तस्वीर तब की ली गई है, जब वे ज्ञापन देने हेतु कुछ देर के लिए खड़े हुए थे।

यह स्पष्ट है कि, आपके द्वारा उक्त तस्वीर को दुर्भावनापूर्ण तरीके से प्रचारित–प्रसारित किया गया है। आपका यह कृत्य सामाजिक वर्गों के बीच विद्वेष फैलाने की मंशा रखता है, साथ ही शासन तथा प्रशासन की छवि धूमिल कर आम नागरिकों के मन में असंतोष की भावना को जन्म देने हेतु लक्षित है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि, उक्त पोस्ट को तत्काल डिलीट करें। ऐसा न करने की दशा में आम नागरिकों के मन में शासन तथा प्रशासन के प्रति असंतोष की भावना उत्पन्न होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, जो कि भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत एक दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

15/7/25

**कलेक्टर**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**




**Jaisingh Agrawal**

1d ·

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम आदिवासी नेता का अपमान बहुत ही कष्टप्रद है।छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम आदिवासी नेता, पूर्व मंत्री श्री ननकीराम कंवर खड़े हैं, जबकि महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका जी के साथ कलेक्टर अजीत बसंत बैठे हुए हैं। यह जान और सुनकर  अत्यंत पीड़ा हुई।

**Dr. Charan Das Mahant Deepak Baij Sachin Pilot Szarita Laitphlang**



Vivek Shriwas + 1.2k    143 comments  66 shares

Like  Comment  Send  Share